हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026

06 कार ने बाइक सवार को 1 किमी तक घसीटा, मौके...



07 शासन की योजना का बेटे-बेटियों ने लिया लाभ...






## खबर संक्षेप

### कुबड़ाखेड़ी में युवक ने लगाई फांसी, मर्ग दर्ज

**इटारसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुबड़ाखेड़ी में एक 25 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, मृतक आनंद पिता विश्वनाथ, उम्र 32 वर्ष ने शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे अपने घर के पहले कमरे में फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के भाई अजय उइके ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने सुबह 9 बजे मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पथरोटा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नागरिक घर पर बैठे कर सकेंगे अपना पंजीकरण

**नर्मदापुरम।** भारत में प्रस्तावित डिजिटल जनगणना प्रक्रिया के तहत अब नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए शासन द्वारा एक सरल और चरणबद्ध ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपने परिवार एवं निवास संबंधी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। जिले में भी नागरिकों को स्व-गणना प्रक्रिया को पूर्ण कर स्व-गणना पहचान संख्या प्राप्त की गई है।

अपील : बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति एवं दंडनीय अपराध

# शासन की सक्रियता से रोके सिवनी मालवा व सोहागपुर में 'बाल विवाह'

रविवार को जिले भर में अक्षय तृतीय पर बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन द्वारा दल गठित किया गया था। परिणाम स्वरूप जिले के सिवनी मालवा एवं सोहागपुर तहसील में बाल विवाह रूकवाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। सोहागपुर तहसील के ग्राम रेंगा खेड़ा में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह को रुकवा दिया।



### सिवनी मालवा में की गई कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ग्राम बुंदारा कला निवासी सुदन पिता कमल यदुवंशी के निवास पर पहुंची। वहां विवाह संबंधी दस्तावेजों एवं आयु प्रमाण पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान अंकसूची के आधार पर सुदन यदुवंशी की आयु 28 वर्ष प्रमाणित हुई। इसके बाद बालिका से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। टीम ने सिवनी मालवा वार्ड क्रमांक 7 भीलपुरा निवासी राम सिंह यदुवंशी की पुत्री (परिवर्तित नाम) जानकी के आधार कार्ड का परीक्षण किया, जिसमें बालिका की आयु 17 वर्ष 10 माह 20 दिन पाई गई, जो वैधानिक विवाह आयु से कम है। स्थिति स्पष्ट होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बालिका, उसके माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समझाइश दी। मौके पर पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई की गई।समझाइश के बाद परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह किया जाएगा।

### सोहागपुर में भी रुकवाई शादी

संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर संबंधित परिवारों से चर्चा की तथा बच्चों के आयु संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किया। जांच के दौरान बच्चों की आयु वैधानिक सीमा से कम पाई गई। इस पर दल के सदस्यों ने परिजनों को 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम' के प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य एवं भविष्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समझाइश के पश्चात परिजनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बच्चों के बालिग होने तक विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया।महिला एवं बाल विकास विभाग से बानो खान एवं मोहिनी सराठिया, पुलिस विभाग से विवेक सोनपुरे एवंमंजूलता परते, तथा सामाजिक संस्था से मानवेन्द्र सिंह तोमर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### प्रशासन की अपील:

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति एवं दंडनीय अपराध है। यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तत्काल स्थानीय प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। प्रशासन ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# बीच सड़क पर गाड़ी रोकी या की बदतमीजी, तो होगी जेल

## शिकायत मिली तो तत्काल होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



फाइनेंस कंपनियों और बैंकों के रिकवरी एजेंटों द्वारा कर्जदारों के साथ की जाने वाली अभद्रता और मनमानी पर अब पुलिस सख्त हो गई है। नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा ने जनहित में एक विशेष वीडियो संदेश जारी करते हुए साफ चेतावनी दी है कि वसूली के नाम पर कानून हाथ में लेने वाले एजेंटों को बख्शा नहीं जाएगा।

### कंपनी पहले भेजे नोटिस

अक्सर देखा जाता है कि यदि किसी वाहन स्वामी की एक या दो किस्तें समय पर जमा नहीं हो पातीं, तो रिकवरी एजेंट बीच सड़क पर वाहन रोककर चाबी छीन लेते हैं या चालक के साथ बदसलूकी करते हैं। एसपी साई कृष्णा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी की किस्त ड्यू होती है, तो कंपनी को पहले संबंधित व्यक्ति को विधिवत नोटिस देना होगा। रिकवरी एजेंट को यह अधिकार नहीं है कि वह कहीं भी चलते वाहन को रोके या सार्वजनिक स्थान पर किसी के साथ बदतमीजी करे। बिना कानूनी प्रक्रिया के जबरन वाहन खींचना या धमकी देना पूरी तरह 'विधि विरुद्ध' है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई रिकवरी एजेंट उन्हें परेशान करता है, उनके साथ गाली-गलौज करता है या बीच सड़क पर गाड़ी रोकने का प्रयास करता है, तो डरे नहीं। ऐसे मामलों में पीड़ित तत्काल संबंधित थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराएं। ₹वसूली के नाम पर किसी भी नागरिक का मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि थाने में इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित रिकवरी एजेंट और उस संस्थान के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।₹

### राहत की खबर

पुलिस विभाग द्वारा उठाया गया यह कदम उन लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है जो आर्थिक तंगी के कारण किस्त चुकाने में थोड़ा विलंब होने पर रिकवरी एजेंटों के खौफ में रहते थे। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य कर्ज वसूली की प्रक्रिया को मर्यादित और कानूनी दायरे में लाना है।

# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने रविवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, अभियानों एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कार्यों में गति लाने एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि आगामी 10 दिवस के भीतर समय सीमा के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने विभाग के लंबित मामलों में समय पर जवाब दर्ज करें, जिससे प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में न्यायालयीन प्रकरण (कोर्ट केस) या सतत रूप से चलने वाली प्रक्रिया शामिल है, उन मामलों में संबंधित स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए।

# आदर्श नगर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 500 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शराब पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध व्यापार पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में देहात थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर आदर्श नगर में दबिश देकर अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है, जिसकी बाजार मूल्य लगभग 37,500 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 18 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि आदर्श नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक युवक भारी मात्रा में शराब छिपाकर बेचने की तैयारी में है। देहात थाना प्रभारी सौरभ पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने जब बताए गए स्थान पर दबिश दी, तो वहां से विशाल जाटव (20 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। घर की तलाशी के दौरान कमरे में रखे दो बड़े बैग संदिग्ध पाए गए। तलाशी लेने पर बैगों के अंदर 8 कार्टून पेटियां और खुले हुए क्वार्टर मिले।



# भक्ति का संगम : इटारसी में लगेगा देशभर के 500 'सनातन किन्नर संतों' का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मध्यप्रदेश का हृदय स्थल इटारसी 23 और 24 अप्रैल को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम का साक्षी बनने जा रहा है। शहर में पहली बार अखिल भारतीय किन्नर सनातन संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से लगभग 500 किन्नर संत अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

इस भव्य आयोजन की कमान नर्मदापुरम-इटारसी की गुरु पांचाली किन्नर और पिंकी किन्नर ने संभाली है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए किन्नर समाज द्वारा तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। गुरु पांचाली के अनुसार, यह सम्मेलन न केवल किन्नर समाज बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति के लिए गौरव का विषय है।

सम्मेलन का मुख्य केंद्र पुरानी इटारसी स्थित त्रिशलानंद गार्डन होगा। कार्यक्रम अनुसार 23 अप्रैल को सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ और संतों का आगमन, 24 अप्रैल को मुख्य आयोजन दोपहर 1 बजे से त्रिशला नंद गार्डन से एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 24 अप्रैल को निकलने वाली यह कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र होगी। सनातन वेशभूषा में सजे किन्नर संत जब सिर पर कलश रखकर निकलेंगे, तो पूरा शहर भक्तिमय हो जाएगा।

# नपाध्यक्ष के तेवर हुए तल्ख, लापरवाही पर सीधे वेतन कटौती के निर्देश, निरीक्षण से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर की स्वच्छता और जनसुविधाओं को लेकर नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने रविवार तड़के जब शहर जाग रहा था, तब अध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों और नपा डिपो का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। काम में कोताही और अनुशासनहीनता पाए जाने पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों की वेतन कटौती के कड़े निर्देश जारी किए।

### हाजिरी रजिस्टर की जांच

नपाध्यक्ष चौरे सबसे पहले ब्रिज के नीचे स्थित नपा डिपो पहुंचे। यहां उन्होंने नपा के वाहनों की स्थिति और उपस्थिति रजिस्टर का बारीकी से मिलान किया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कचरा संग्रहण वाहनों का वार्डों में पहुंचने का समय निर्धारित है और इसमें एक मिनट की भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिसर के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की ताकि कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।


निरीक्षण के दौरान जब अध्यक्ष ओवरब्रिज से गुजरे, तो वहां गंदगी देख उनका पारा चढ़ गया। सफाई व्यवस्था में भारी चूक पाए जाने पर उन्होंने संबंधित प्रभारियों को फटकार लगाई और तत्काल वेतन कटौती की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी— स्वच्छता सर्वेक्षण में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही शहर की रैंकिंग और छवि खराब नहीं करने दी जाएगी।

# राज्य सभा सांसद ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने देश के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। एक शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सांसद नारोलिया ने राज्यसभा के सभापति का अभिवादन किया और संसदीय कार्यप्रणाली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। भेंट के दौरान उपराष्ट्रपति ने सांसद माया नारोलिया को संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप लोक कल्याण के कार्यों को गति देने हेतु बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। सांसद नारोलिया ने पदेश की प्रगति और क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं से भी सभापति को अवगत कराया।




## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर भव्य समारोह आयोजित हुआ

# समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए आयोजन,प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जिला सर्व ब्राह्मण समाज, नर्मदापुरम द्वारा भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर फ्रेंड्स स्कूल मैदान में भव्य मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे शोभायात्रा के आगमन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील वाजपेयी ने किया। प्रारंभ में भगवान परशुराम की मूर्ति की विधिवत स्थापना कर कर्मकांडी ब्राह्मणों एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा पूजन-अभिषेक किया गया। इसके पश्चात पं. सोमेश परसाई नर्मदापुरम के शिष्यों द्वारा महाआरती संपन्न हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत पं. जीतेन्द्र ओझा सहित समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। अतिथियों में डॉ. सीतासरन शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक, पं. सोमेश परसाई, पं. हेमन्त शुक्ला एवं पं. पियूष शर्मा अध्यक्ष, म.प्र. तैराकी संघ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष पं. जीतेन्द्र ओझा ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने पर बल दिया। अतिथियों के उद्बोधन में पं. प्रमोद पगारे, पं. हेमन्त शुक्ला, पं. पियूष शर्मा एवं आचार्य सोमेश परसाई ने अपने विचार रखे। अंत में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने समाज को मार्गदर्शन देते हुए युवाओं को संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विप्र शिरोमणि सम्मान से कुमारी अन्नया दुबे अंडर-23 क्रिकेट कप्तान, म.प्र. एवं मणी तिवारी (ग्रामीण मंडल शिक्षा प्रकोष्ठ, केसला) को सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गूजरवाड़ा में जल चौपाल एवं संरक्षण की ली शपथ

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गूजरवाड़ा द्वारा सेक्टर क्रमांक-04 अंतर्गत ग्राम गूजरवाडा में जल चौपाल एवं जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल को सहेजना, उसका संरक्षण करना एवं प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का मूल कर्तव्य है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जल के बिना जीवन अधूरा है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सभी को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में कृषि समिति माखननगर के सभापति भगवानदास यादव आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र में पूर्व सीआरपीएफ जवान बाबूराव सातनकर की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात 17 अप्रैल को बरसाली क्षेत्र में खेत की मेड को लेकर हुए विवाद के दौरान हुई थी। पुलिस ने बताया कि फरियादी विशाल सातनकर पिता बाबूराव सातनकर, (31) निवासी सुभाष वार्ड हमलापुर की रिपोर्ट पर आरोपीगण ओमप्रकाश यादव, नवीन यादव एवं पिल्लू उर्फ फूलचंद करोचे एवं अन्य आरोपी द्वारा खेत की मेढ़ के विवाद को लेकर उसके पिता बाबूराव सातनकर के साथ लाठी -डंडे एवं नोजल पाइप से जान से मारने की नीयत से मारपीट की गई। उक्त घटना में घायल बाबूराव सातनकर की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 109(1), 3(5) बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा मृत्यु होने पर धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी नवीन उर्फ नवीन्द्र पिता राजेश यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी लाखापुर का बस स्टैंड क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेढ़ के विवाद को लेकर बाबूराव सातनकर के साथ मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बांस का डंडा जप्त किया गया है।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार



**बैतूल।** नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सारणी पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। थाना सारणी में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग भतीजी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। सूचना पर थाना सारणी में धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की टीम ने तकनीकी साधनों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से प्रकरण की गहन जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान थाना सारणी पुलिस ने अथक प्रयासों से नाबालिग अपहर्ता को दिल्ली से सुरक्षित दस्तयाब किया। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 64(2)(द्व), 65(1) बीएनएस, धारा 5रु, 6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी अमित सैनी पिता हीरालाल सैनी उम्र 21 साल निवासी सहसवान जिला बदायु थाना जनीफनगर (उ.प्र.) हाल बहलोलपुर सेक्टर 62 गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल के समक्ष पेश किया गया। इस प्रकरण में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, सहायक उप निरीक्षक अनिल मोर्य, आरक्षक आनन्द कसोतिया, महेश भलावी, मआर वर्षा नागले, लक्ष्मी की सराहनीय भूमिका रही।

### नव आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र का हुआ लोकार्पण



**भौंरा।** नारी शक्ति द्वारा संचालित ब्रह्माकुमारी संस्थान के माध्यम से नगर के आध्यात्मिक व नैतिक उत्थान के लक्ष्य से आध्यात्मिक केंद्र का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर भौरा सरपंच श्रीमती मीरा धुर्वे, उप सरपंच रिंकू सिरोठिया, जनपद सदस्य सुधीर नायक सहित नगर के गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने उपस्थित थे। पंचायत भवन के बाजू में पुराने अस्पताल की जर्जर भवन का पुनर्निर्माण कर आध्यात्मिक केंद्र खोला गया।

---

### ऑनलाइन ट्रैकिंग से बढ़ेगी जवाबदेही, पेपरलेस वर्किंग को मिलेगा बढ़ावा

# नपा में ई-ऑफिस प्रणाली होगी लागू कामकाज में आएगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**नगरपालिका के कामकाज में पारदर्शिता लाने और कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत अधिकारी एक क्लिक में जान सकेंगे कि फाइल कहां और किस स्तर पर लंबित है।**

दरअसल नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश ने प्रदेश के सभी नगर पालिका और नगर परिषद कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। जारी निर्देशों में बताया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व आदेशों के अनुसार अब सभी शासकीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संपादित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निकाय में ई-ऑफिस का पूर्ण संचालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों की आधिकारिक ईमेल आईडी उपलब्ध नहीं है, वे ईमेल आईडी निर्माण के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर अनिवार्य रूप से भेजें। जिसके तहत निकायों में कार्यरत सभी अधिकारी और लिपिक वर्ग की ई-ऑफिस आईडी तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में सभी कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत ही काम करना होगा। अभी तक कागजी फाइलें बनाई जाती थी। कई बार यह फाइलें बाबूओं की टेबल पर धूल खाती थी, लेकिन ई -ऑफिस होने के बाद अधिकारियों को एक क्लिक में पता चल जाएगा कि संबंधित फाइल कहां है और क्यों रुकी है। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि कागजी कामकाज की प्रक्रिया में कमी आएगी और फाइलों का रिकॉर्ड अपडेट रहेगा। जिससे काम समयावधि में पूर्ण होगा।




#### आमजनों को बार-बार नहीं लगाने पड़ेगे चक्कर

नगरपालिका में ई ऑफिस प्रणाली लागू होने से लोगों को बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। कर्मचारी-अधिकारी हितग्राही को देखकर आसानी से बता पायेगे कि उनकी फाइल की प्रक्रिया कहां तक पहुंच गई है। ऐसे में लोगों को उनकी काम की जानकारी भी जल्द उपलब्ध होगी। बताया जा रहा है कि ई-आफिस प्रणाली में सब कुछ ऑनलाइन होगा। संबंधित कर्मचारी के काम पूरा करने का समय भी तय रहेगा। यदि कोई बिना वजह फाइल रोकता है तो ऑनलाइन ही प्रदर्शित हो जाएगा कि किसके पास फाइल रुकी है और कितने दिनों से रुकी है और फाइल में क्या कमी है। किस वजह से फाइल रोकी गई है, इसका पूरा ब्यौरा ऑनलाइन दिख जायेगा।

#### प्रशासनिक कार्यो में आयेगी तेजी

नगरपालिका की विभिन्न शाखाओं में ई ऑफिस प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद फाइलों की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक की जा सकेगी। इससे यह स्पष्ट होगा कि फाइल कब तैयार हुई, किस अधिकारी या कर्मचारी के पास पहुंची और किस कारण से लंबित है। इस व्यवस्था से कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी और फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। फाइलें डिजिटल होने से बाबू काम अटका नहीं सकेंगे और यह पता चलेगा कि फाइल किसके पास लंबित है। कागजी कार्रवाई भी कम होने से निर्णय जल्दी लिया जा सकेगा।

#### फाइलों को किया जायेगा डिजिटलीकरण

नगरपालिका में नई प्रणाली के तहत फाइलों का डिजिटलीकरण भी किया जाएगा। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि कार्यों की निगरानी भी बेहतर हो सकेगी। वर्तमान में कई छोटे-बड़े कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में फाइलें तैयार की जाती हैं, जिनके गुम होने या इधर-उधर रखने की शिकायतें सामने आती रही हैं। कई बार फाइल नहीं मिलने के कारण काम शुरू होने में अनावश्यक देरी हो जाती है। ई-ऑफिस लागू होने के बाद सभी फाइलें ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगी, जिससे उन्हें कहीं भी और कभी भी देखा जा सकेगा। सभी दस्तावेज सुरक्षित और डिजिटल रूप में एक ही स्थान स्थान पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे फाइलों के खोने का डर नहीं रहेगा।

#### समय की होगी बचत, पेपरलेस वार्किंग को मिलेगा बढ़ावा

ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से जहां समय की बचत होगी, वहीं पेपरलेस वर्किंग को भी बढ़ावा मिलेगा। बताया जा रहा है कि ई-नगरपालिका 2.0 के माध्यम से नागरिक घर बैठे ही संपत्ति कर, भवन निर्माण अनुमति जैसे कार्यों के लिए आवेदन कर सकेंगे। अधिकारी रियल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से सभी कार्यों की निगरानी कर सकते हैं। कुल मिलाकर यह पहल नगरपालिका के कामकाज को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तेज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि समय के साथ-साथ अब सभी कार्य डिजिटलीकरण हो रहे है। ऐसे में नगरपालिका के डिजिटलीकरण होने से कर्मचारियों के कार्यो में भी तेजी आयेगी और शहर के विकास को गति मिलेगी।

**आईडी तैयार हो रही**

निकाय में कार्यरत सभी अधिकारी और लिपिक वर्ग की ई-ऑफिस आईडी तैयार की जा रही है। आने वाले समय में सभी कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत ही काम करना होगा।

**नवनीत पाण्डेय, सी.एम.ओ.,** नगरपालिका बैतूल

---

### पत्नी गंभीर घायल, मासूम सुरक्षित

## कार ने बाइक सवार को 1 किमी तक घसीटा, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला सडक़ हादसा सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद करीब एक किलोमीटर तक घसीट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

#### सगाई कार्यक्रम से लौटते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक कमलेश बोबड़े (निवासी चिल्हाटी), जो पेशे से भोपाल में इंजीनियर थे, अपनी पत्नी और तीन वर्षीय बच्चे के साथ बाइक से एक सगाई कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। शाम करीब 6 से 6:30 बजे के बीच, जैसे ही वे मल्हारा पंखा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। 1 किलोमीटर तक घसीटता रहा कार चालक, मौके पर मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद भी कार चालक ने वाहन नहीं रोका। बताया जा रहा है कि चालक ने बाइक सवार कमलेश को करीब 1 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल, मासूम को हल्की चोट हादसे के दौरान कमलेश की



पत्नी और बच्चा बाइक से दूर जा गिरे— पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है 3 वर्षीय बच्चे को हल्की चोटें आई हैं और वह सुरक्षित बताया जा रहा है आरोपी चालक फरार, पहचान छिपाने की कोशिश घटना के बाद आरोपी चालक ने चालाकी दिखाते हुए टोल नाके से बचने के लिए चिल्हाटी मार्ग से फरार हो गया, जिससे उसकी पहचान छिप सके। ष्टष्टञ्जङ्क में कैद हुई संदिग्ध कार, पुलिस को मिला अहम सुराग पुलिस जांच के दौरान एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। चिल्हाटी में राजेश पवार के घर के बाहर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे में संदिग्ध कार कैद हुई है। पुलिस का मानना है कि इस फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी तक पहुंचा जा सकता है।

#### क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल

इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश तेज कर दी गई है

### पुरूष आरक्षक बैंड के लिए भर्ती की तिथि बढ़ी

**बैतूल।** ऐसे कम ही मौके आते हैं जब पुलिस विभाग में कला में निपुणता के कारण नौकरी के अवसर मिल रहें हो। मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में पुलिस बैंड की स्थापना के संबंध में विभिन्न पुलिस इकाइयों में बैंड दल में सीधी भर्ती से नियुक्त किए जाने वाले पुरुष आरक्षक (बैंड) के 679 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। कला क्षेत्र में एशिया का शीर्ष विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छग से सम्बद्ध अनहद कला संगीत शिक्षा समिति के संचालक दिलीप रावत ने बताया कि इसकी अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी जिसे बढ़ा कर 30 अप्रैल कर दिया है। नौकरी के लिए स्किल टेस्ट और बैंड बजाने का टेस्ट लिया जाएगा, इसके अलावा इंटरव्यू भी होगा। श्री रावत ने बताया कि यह कलाकारों के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है जिसमें वह अपनी योग्यता से नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।

---

### सवाल पूछने पर उपयंत्री बोले-टेस्टिंग होते रहती है शिकायत मिलने पर जांच करेंगे

## अनजान जनता को दूषित पानी पिला रही आमला नपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

इंदौर के भागीरथपुरा कांड के बाद भी प्रशासन का रवैया सुधरने का नाम नही ले रहा है। जहाँ एक ओर शासन प्रशासन दावा करता है कि वे लोगो को शुद्ध जल सप्लाई करेंगे, लेकिन हकीकत तो कुछ और ही बया करती है। आमला नगर के वार्ड क्रमांक 02 में स्थित रामदयाल रावत के घर के पास एक कुएं के पानी के उपयोग को लेकर आमला नगरपालिका और उनकी व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। यह कुआ पानी से तो लबालब है, लेकिन कुएं में कचरा के साथ छोटे बडे झाड़ उगने से वह पानी को दूषित कर रहा है। इतना ही नही कुएं की दीवारों पर भी छोटे छोटे झाड़ उग रहे, जो कि विषैले प्रवत्ति के भी हो सकते है। ऐसे पानी को आम जनता के बीच नगरपालिका के जिम्मेदार पानी के टैंकर से सप्लाई कर पानी पिला कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है।

#### नही ले रहे सबक

भागीरथपुरा इंदौर में दूषित पानी पीने कई लोगो की जान चली गई, कई मासूम जहरीले पानी के सेवन से मौत की नींद सो गए। इस काण्ड के बाद हर पेयजल स्थान की जांच तो हुई या कहो शासन प्रसाशन हरकत में तो आया, लेकिन लोग भी इस हकरत को अब दिखावा बता रहे है, क्योंकि जमीनी स्तर पर नजर डाले तो लोग आज भी कही ना कहि दूषित पानी पीने को मजबूर नजर आती है। आमला नपा उसका एक उदाहरण



बनकर सामने आया रह है।

#### कई बार दे चुके है आवेदन

वार्ड क्रमांक 02 के रहवासी गणेश वराठे, रमेश नागपुरे, सुधाकर मोडक, रितेश सोलंकी,संतोष प्रजापति, अनिता सचाने ने बताया कि हमारे द्वारा कुएं के संबंध में आमला नगरपालिका के सीएमओ के नाम ज्ञापन सौपकर इस समस्या से अवगत कराया था। जिसमे बाद कई बार नपा के कर्मचारियों से भी मौखिक रूप से इस कुएं को साफ करने को लेकर बात कही गई, लेकिन आज तक कोई भी कार्य कुएं की साफ सफाई को नही किया गया है। जिससे आम लोगो की नपा के इस रवैये के खिलाफ भारी आक्रोश है।

#### कुए के अंदर और बाहर है गंदगी

जिस कुएं का पानी लोगो की प्यास बुझाने के लिए उपयोग किया जा रहा है उस कुएं का पानी के भीतर आस-पास का कचरा, प्लास्टिक ,पन्नी,इत्यादि पानी के ऊपर तैरते दिखाई दे रहे है। कुएं की दीवार पर भी अलग-अलग प्रकार के पेड़ उग गए है, जिससे कुआँ भी ढक गया है। वही कुएं के आस पास गाजर घास, अन्य छोटे पेड़ों की भरमार है। जिससे कुएं पूरी तरह से ढक गया है। वार्डवासी ने बताया कि सुरक्षा कुंए के पास ना होने से वह एक गाय भी गिर गई थी, जिसे लोगो ने बडी मसक्कत के साथ बाहर निकाला।

#### नही होती पानी की लैब टेस्टिंग

नियम के अनुसार जो पानी नपा लोगो को पीने के लिए सप्लाई करती है। उंसकी कायदे से लेब टेस्टिंग होती है, लेकिन आमला में यह सब होते नजर नही आता ना ही इसकी कोई रिपोर्ट सार्वजनिक की जाती है, जबकि जनता के स्वास्थ्य से जुडा मामला में पारदर्शिता तो होनी ही चाहिए, लेकिन आमला नपा में सब भगवान भरोसे काम चल रहा है।

**जांच करेंगे**

नगर पालिका द्वारा पानी की टेस्टिंग होते रहती है, हम शिकायत मिलने पर जांच करेंगे।

**सुभाष शर्मा,** उपयंत्री नपा आमला।

---

## सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, नीतू परमार के पक्ष में फैसला कायम

### तीन साल पुराने कानूनी संघर्ष का पटाक्षेप, हाईकोर्ट के निर्णय पर मुहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर 3 वर्षों से चल रहे विवाद का अब अंत हो गया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा नीतू परमार को पुनः अध्यक्ष पद संभालने के निर्देश दिए जाने के बाद इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन वहां से भी याचिकाकर्ता पक्ष को राहत नहीं मिल सकी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका पर हस्तक्षेप से इंकार किए जाने के बाद हाईकोर्ट का फैसला प्रभावी बना हुआ है।इस पूरे संघर्ष में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने निरंतर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया, जनभावनाओं की आवाज बने कांग्रेस ने इस फैसले को न्याय की जीत बताया है।

#### सुप्रीम कोर्ट में क्या हुआ?

भाजपा समर्थित पक्ष द्वारा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।सुप्रीम कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई में ही:याचिका को विस्तृत सुनवाई के लिए स्वीकार नहीं किया पुनर्विचार (रिव्यू) की मांग को खारिज कर दिया । सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायमूर्ति शामिल थे, ने सुनवाई के बाद स्पष्ट कहा किः हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। इसलिए विशेष अनुमति याचिका (स्न्रुक्क) खारिज की जाती है सभी लंबित आवेदन भी समाप्त माने जाएंगे। इस निर्णय के बाद अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है किः हाईकोर्ट का आदेश बरकरार रहेगा ,नीतू परमार का नगर पालिका अध्यक्ष पद पर दावा मजबूत हो गया है।

#### हाईकोर्ट के फैसले की मुख्य बातें?

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट (जबलपुर) ने अपने विस्तृत आदेश में कहा था किः चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गंभीर अनियमितता सिद्ध नहीं हुई जिन मतपत्रों को पहचान चिन्ह बताकर निरस्त किया गया था, वे सामान्य निशान थे। भ्रष्ट आचरण के आरोप प्रमाणित नहीं हुए इन्हीं आधारों पर हाईकोर्ट ने:जिला अदालत का आदेश निरस्त किया ,नीतू परमार को वैध रूप से निर्वाचित अध्यक्ष माना।

**निष्कर्षः** मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष विवाद में सुप्रीम कोर्ट के रुख ने यह स्पष्ट कर दिया है। कि हाईकोर्ट का फैसला कानूनी रूप से मजबूत और तथ्य आधारित है। याचिका खारिज होने के बाद अब नीतू परमार के अध्यक्ष पद पर पुनः कार्यभार संभालने में कोई बड़ी कानूनी बाधा शेष नहीं रह गई है।

---

### शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, कई जगहों पर हुए आयोजन

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शहर मे निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव को जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। सबसे पहले परशुरामजी के जन्मोत्सव पर 16 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज के युवाओं ने भाग लिया। उसके बाद भगवान परशुराम चौक पर स्वच्छता अभियान और फिर शनिवार शाम को दुर्गा मंदिर कोठीबाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। यह शोभायात्रा कोठीबाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर लल्ली चौक, बस स्टैंड होते हुए लगभग दो किमी का सफर तय करते हुए गंज माता मंदिर पर समाप्त हुई। भव्य शोभायात्रा में भगवान परशुराम के प्रमुख अस्त्र और शक्ति के प्रतीक फरसे को लेकर तथा भक्तिगीतों, भजनों के साथ ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। खासकर महिलाओं की भी बड़ी उपस्थिति दर्ज की गई। युवा भगवान परशुराम की झांकियों में सजे हुए थे, ब्राह्मण समाज के परिजनों ने बढ़-चढ़कर इस शोभायात्रा में भाग लेकर इसका आकर्षण दुगुना बना दिया। शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज के परिजनों ने बारी-बारी से भारी-भरकम स्टील के फरसे को उठाकर भगवान परशुराम के नाम का जयकारा लगाया। कोठीबाजार से लेकर गंज तक पूरा शहर ब्राह्मण एकता और शक्ति से गूंज उठा। शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर समाजजनों और अन्य समाज के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे रास्ते जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन स्थल गंज माता मंदिर पर भगवान परशुराम की महाआरती और पूजन किया गया। इसके बाद भंडारा-प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संजय पप्पी शुक्ला, सुनील द्विवेदी, सुनील गुड्डू शर्मा, प्रमोद शर्मा, संजय द्विवेदी, विक्रम शर्मा, विकास मिश्रा, अंशुल शुक्ला, देवेश दुबे, समेत विप्र समाज के लोग मौजूद थे।

#### भौंरा में ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**भौंरा।** रविवार को नगर सहित ग्राम पहावाड़ी में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भौंरा के पटेल वार्ड स्थित माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भगवान परशुराम की आरती उतारकर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसी क्रम में ग्राम पहावाड़ी के पावन शिव मंदिर में भी ब्राह्मण समाज द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

#### धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती



**शाहपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज शाहपुर द्वारा भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर को कूलर प्रदान किया गया। मरीज को फल वितरित किये गये। सर्व ब्राह्मण समाज शाहपुर के अध्यक्ष ने बताया कि शाम भगवान परशुराम जी की आरती, पूजन अर्चन, प्रसादी वितरण का कार्यक्रम श्रीकृष्ण मंदिर में किया गया। शाहपुर में विकास कार्य और रोड की स्थिति को देखते हुए जुलूस का कार्यक्रम स्थगित किया है।

## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदनः निकाली गई पदयात्रा



**माखन नगर।** ग्राम बागरा तवा में नारी शक्ति वंदन योजना अंतर्गत पदयात्रा निकाली गई एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच विशाल मालवीय की मौजूदगी में किया गया कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मान एवं अधिकार के प्रति जागरुक किया गया पर्यवेक्षक अनीता खापरे कार्यकर्ता सहायिका ग्राम की महिलाएं पदयात्रा में उत्साह से शामिल हुई।

### नगर की लड़कियों ने बढ़ाया मान

**भौंरासा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष 2026 का कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 85.3% एवं 12वीं की परीक्षा 94% रहा। कक्षा दसवीं में माहेरा खान ने 94% और 12वीं में हर्षिता कुंभकार ने 87. 6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं में 52 प्रथम श्रेणी में 12 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वही 12वीं में 51 प्रथम श्रेणी में 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रों का परिणाम विगत वर्ष से बेहतर रहा। 12 छात्रा लैपटॉप हेतु चयनित हुई है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में विवाह सम्मेलन व निकाह हुए संपन्न

# शासन की योजना का बेटे-बेटियों ने लिया लाभ, थामा एक दूसरे का हाथ

राज्य सरकार द्वारा जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से निशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न कराये गये। इस दौरान बेटियों के खाते में 49 हजार राशि प्रदान की गई वहीं नव दंपत्ति को विवाह प्रमाण पत्र भी दिये गये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया




नगरपालिका परिषद के द्वारा रविवार को अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 123जोडे परिणय सूत्र में बंधे। 107 विवाह जोड़ों का पंजीयन कराया गया। तथा 16 मुसलिम समुदाय के जोड़ों का निकाह कुबूल किया गया। कृषि उपज मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष परतें जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद सदस्य कमला बाई रघुवंशी पुरषोत्तम रघुवंशी सुजीत रघुवंशी विधानसभा प्रभारी नवनीत नागपाल कांग्रेस पार्षद हर्ष लता राजपूत सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ सभी पार्षदों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुकेश पठारिया सहित अन्य सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 54जोडो का पंजीयन शासन द्वारा जारी किए गए आदेश अनुसार विवाह सम्पन्न तो कराया गया था। पर योजना का लाभ नहीं दिया गया 54जोडो को इसमें शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले भर में कुल मिलाकर 200जोडो को ही लाभ दिया जाएगा। इसलिए वह नहीं दिया गया। पंजीकृत 123 बेटियों के खाते में 49000 कि राशि जमा कराई जा रही है। सभी को भोजन कराए गए। सभी जनप्रतिनिधियों ने विवाह प्रमाणपत्र वितरण किया गया। सभी ने नव दंपती को आशीर्वाद शुभकामनाएं बधाई दी गई।

### माखननगर में सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए 53 जोड़े




**माखननगर।** मुख्यमंत्री विवाह योजना में जनपद पंचायत प्रांगण में 53 जोड़ों के विवाह गायत्री परिवार ने संपन्न कराये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक विजयपाल सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा मध्य प्रदेश सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से बेटियों के विवाह में परिवार को मदद मिलती है आप सभी नव दंपती को शुभकामनाएं सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव जनपद अध्यक्ष सावित्री परिनामें नगर पालिका अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी भाजपा नेता सत्यनारायण पाराशर पार्षद रुक्मणी साहू सिल्लू मालवीय गोलू मिश्रा जितेंद्र मीणा सेनानी परिवार के दीपक वर्मा जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव जनपद सदस्य जितेंद्र मीणा सीईओ जनपद माखन नगर रजनीश ताराम मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत शासकीय कर्मचारी गण वरवधू के रिश्तेदार शामिल हुए।

## अपराधियों की धरपकड़ के लिए सड़कों पर उतरी टीमें


**इटारसी।** शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने और कानून व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से सिटी पुलिस ने कमर कस ली है। जिला पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के कड़े निर्देशों के बाद, इटारसी पुलिस ने शनिवार से अपराधियों के खिलाफ विशेष धरपकड़ मुहिम का आगाज किया है। एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा एवं टीआई गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों का मुख्य कार्य शाम होते ही शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्यवाही करना है।

### अभियान के मुख्य बिंदु

**चौराहों पर चेकिंगः** बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले और घूमने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की तलाशी ली जा रही है।

**अवैध शराब पर नकेलः** रेलवे स्टेशन और पुराने बस स्टैंड स्थित शराब दुकानों के बाहर, हाथठेलों पर अवैध रूप से जाम छलकाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।

**ईरानी डेरे पर दबिशः** पुलिस टीम ने देर रात ईरानी डेरे पर भी छापामार कार्यवाही की, जहाँ जबरन भीड़ लगाकर खड़े लोगों को खदेड़ा गया।



**रात्रि गश्त में इजाफाः** आम जनता की सुरक्षा के मद्देनजर अब रात के समय पुलिस की गश्त को और अधिक सघन बनाया गया है।

### अपराध मुक्त शहर की ओर कदम

पुलिस की इस अचानक हुई सक्रियता से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। टीआई बुंदेला ने स्पष्ट किया है कि यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी ताकि शहरवासी सुरक्षित महसूस कर सकें और अपराधियों के हौसले पस्त किए जा सकें।

### इनका कहना है...

शहर को अपराध मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सड़कों पर गश्त बढ़ा दी गई है और हर संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है।
**गौरव सिंह बुंदेला, टीआई**

### घर में घुसकर मारपीट, आरोपी पर केस दर्ज

**इटारसी।** ग्राम मोरपानी में एक युवक द्वारा घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 3 बजे आरोपी राधेश्याम मसकोले ने अजय उइके 19 वर्ष के घर के सामने पहुंचकर पहले गंदी-गंदी गालियां दीं। इसके बाद आरोपी जबरन घर के भीतर घुस गया और अजय के साथ डंडे व हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के लिए हुआ 'प्रीसिटिंग' आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन नौ मई 2026 को किया जाऐगा। इस नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिये अभी से विशेष प्रयास प्रारंभ किए जा रहे हैं। एवं इस संबंध में गत दिवस सोहागपुर न्यायालय परिसर में बैठक का आयोजन न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं के द्वारा किया गया है। जानकारी अनुसार न्यायाधीशों ने अधिवक्ता के साथ प्रीसिटिंग का आयोजन किया। इस दौरान मीडिएशन जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। इस बैठक में प्रभारी अधिकारी न्यायाधीश तेज़दीप सिंह सासन न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व न्यायिक कर्मचारी सम्मिलित हुए। उक्त प्रिंसिटिंग में लंबित प्रकरणों तथा धारा 138 एनआईए के प्रकरणों में राजीनामा के संबंध में चर्चा की गई तथा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने का सहयोग देने का आग्रह किया गया।

## डॉ. निकुंज ने नगर के प्रति निभाया अपना फर्ज, हृदय रोग शिविर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



नगर के अरविंद मार्ग स्थित पवार प्रांगण में बीते शनिवार को एक विशाल हृदय रोग परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर की खास बात यह रही कि पचमढ़ी की मिट्टी में पले-बढ़े और वर्तमान में नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. निकुंज पवार ने अपनी टीम के साथ पहुँचकर नगरवासियों की सेवा की।

सुबह 9:30 बजे से शुरू हुए इस शिविर में डॉ. निकुंज पवार के साथ 15 से 20 सदस्यीय चिकित्सा दल मौजूद रहा। शिविर के दौरान मरीजों की खून की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर और ईसीजी जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण पूरी तरह निःशुल्क किए गए। टीम के सदस्यों ने प्रत्येक मरीज का विधिवत परीक्षण कर उन्हें बीमारी और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में कुल 110 से अधिक नागरिकों ने अपना पंजीयन कराकर लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी पंकज जायसवाल ने स्थानीय नागरिकों की आर्थिक स्थिति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पचमढ़ी में अधिकांश लोग टैक्सी चालक, गाइड या मध्यम वर्ग से आते हैं, जिनके लिए लाखों रुपये का इलाज कराना संभव नहीं होता। इस पर डॉ. निकुंज पवार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों का इलाज मुफ्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नगर का कोई भी नागरिक नागपुर इलाज के लिए आता है, तो उसे कम से कम खर्च में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### पंजाबी मोहल्ले से घर के सामने खड़ी बाइक चोरी मामला दर्ज

**इटारसी।** शहर के सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाकों में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला पुरानी इटारसी के पंजाबी मोहल्ला क्षेत्र का है, जहां गुरु नानक स्कूल के पास रहने वाले एक बुजुर्ग की मोटरसाइकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी नरसिंह तोमर पिता कंचन सिंह तोमर, उम्र 60 वर्ष, निवासी पंजाबी मोहल्ला, गुरु नानक स्कूल के पास, इटारसी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी मोटरसाइकिल घर के बाजू से चोरी हो गई है। घटना 17 अप्रैल 2026 की दोपहर लगभग 12:30 बजे की बताई जा रही है। फरियादी की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने अपराध पंजीकृत किया है।

## बैंक सुरक्षा कर्मी ने जमा किए डिपॉजिट मशीन में फंसे नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की पुरानी शाखा के एटीएम की डिपॉजिट मशीन में फंसे एक उपभोक्ता के रू.9000 सुरक्षा कर्मी ने जमा किए हैं। उपभोक्ता प्रदीप भावसार ने बताया कि 17 अप्रैल की रात 8:30 बजे वे एसबीआई के एटीएम पहुंचे तथा उन्होंने डिपॉजिट मशीन के माध्यम से अपने खाते में रू.9000 जमा करने की प्रक्रिया की। लेकिन वे कंफर्म स्विच दबाना भूल गए और वापस लौट आए। लेकिन उनकी राशि खाते में जमा नहीं हुई तो उन्होंने स्टेट बैंक की शाखा में शनिवार को आवेदन दिया। तब प्रदीप भावसार को ज्ञात हुआ कि उन्होंने डिपॉजिट मशीन में राशि जमा की थी लेकिन कंफर्म स्विच नहीं दबाया था। जिसके कारण राशि मशीन द्वारा वापस निकाल दी गई। जिसे नाइट शिफ्ट में कार्यरत सुरक्षा कर्मी शिवकुमार पुर्विया ने देखा तथा उन्होंने पूरी रू.9000 की राशि बैंक प्रबंधक को सौंपी और यह राशि अब संबंधित उपभोक्ता के खाते में जमा की जाएगी। प्रदीप भावसार एवं अन्य उपभोक्ताओं ने सुरक्षा कर्मी शिवकुमार पुर्विया की प्रशंसा की एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 31 जोड़े थामेंगे एक दूसरे का हाथ, कुर्मी समाज का आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम होगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



अक्षय तृतीया के पावन अबूझ मुहूर्त पर सोमवार 20 अप्रैल को इटारसी की कृषि उपज मंडी एक ऐतिहासिक और विराट सामाजिक समागम की साक्षी बनेगी। अवसर है चौरिया कुर्मी समाज संगठन के 15वें आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का, जहां 31 जोड़े भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं के साथ नए जीवन की शुरुआत करेंगे।

इस आयोजन के लिए मंडी के दो एकड़ के स्थान को दुल्हन की तरह सजाया गया है। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष चौरे ने बताया कि लगभग 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विवाह स्थल तैयार किया गया है। आयोजन स्थल पर भारतीय हिंदू संस्कृति की झलक दिखाते कई आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए हैं। करीब 25 से 30 हजार सामाजिक बंधुओं की सुविधा के लिए 50 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में भव्य रेड कारपेट बिछाया गया है, जो इस आयोजन की भव्यता को दर्शाता है।

### इटारसी की नूपुर मिहानी ने एमबीए में देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया



**इटारसी।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सिंधी समाज के उपाध्यक्ष अनिल मिहानी की सुपुत्री नूपुर मिहानी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नूपुर ने देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान के नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हैदराबाद से एमबीए की डिग्री न केवल सफलतापूर्वक हासिल की, बल्कि टॉपर्स की सूची में तीसरा स्थान (रैंक-3) प्राप्त कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। जहां गढ़े जाते हैं भविष्य के कॉर्पोरेट लीडर्स नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज भारत के उन चुनिंदा संस्थानों में शुमार है, जिन्हें 'ए-ग्रेड' प्रबंधन शिक्षा के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। इस संस्थान की डिग्री की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां से निकले छात्र वैश्विक स्तर पर बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हैं। हैदराबाद अपने कड़े अनुशासन, उच्च स्तरीय शोध और बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के लिए प्रसिद्ध है। एमबीए जैसे चुनौतीपूर्ण कोर्स में, जहां देश भर के मेधावी छात्र कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं, वहां टॉप-3 में जगह बनाना नूपुर की असाधारण एकाग्रता और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि न केवल मिहानी परिवार के लिए हर्ष का विषय है, बल्कि इटारसी की उन तमाम छात्राओं के लिए प्रेरणा है।

## राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में विदाई समारोह 2026 का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में कल विदाई समारोह 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ की गई। इसके पश्चात रागनी, क्रिस्टीना एवं नीति द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का सफल एवं आकर्षक संचालन महक हथगइयां एवं नीति यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. शेखर, डॉ. सत्य प्रकाश, दीपाली जैन, डॉ. प्रफुल्ल, रोहित कुशवाहा एवं सुरेश दहिकर ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न टाइटल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही "मिस्टर इवेंट" का खिताब गिरीकांतम स्वामी को एवं "मिस इवेंट" का खिताब वंशिका राजपूत को प्रदान किया गया।

## सकल विप्र समाज सोहागपुर ने परशुराम जयंती पर किया सहस्त्रनामार्चन आयोजन

# ब्राह्मण समाज के 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सकल विप्र समाज सोहागपुर ने प्रतिवर्षानुसार भगवान श्री परशुराम जयंती पर शनिवार रात आयोजन किया है। इस पर्व पर श्री शंभू दरबार में सहस्त्रनामार्चन आयोजन एवं वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सकल विप्र समाज सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार शाम नगर की पलाश परिसर कॉलोनी स्थित श्री शंभू दरबार में समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती का आयोजन पूर्ण मनोयोग तथा समर्पण भाव के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम का पूजन किया गया एवं यजमानों की उपस्थिति में श्री विष्णु सहस्त्रनामार्चन कार्यक्रम किया गया। जिसमें भगवान श्री हरि विष्णु के 1000 नाम में से प्रत्येक नाम पर पुष्प आहुति प्रभु के समक्ष अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी विप्र पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने भी पुष्प आहुति अर्पित की। कार्यक्रम में विप्र समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में भंडारा आयोजन भी शंभू दरबार परिसर में किया गया।



**सोहागपुर।** श्री विष्णु सहस्त्रनाम अर्चन करते विप्र नागरिक। समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान करते विप्र कार्यकर्ता।

### किया वरिष्ठ जन सम्मान

भगवान श्री परशुराम जयंती के पूजन कार्यक्रम उपरांत विप्र समाज सोहागपुर के 70 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुष वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। आयोजन दौरान वरिष्ठजन जहां विराजमान थे, वहीं पहुंच कार्यकर्ताओं ने शाल एवं श्रीफल प्रदानकर वरिष्ठजनों का सम्मान किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम दौरान विप्रजन एकता एवं समाज कल्याणार्थ उद्बोधन भी दिए गए। जिसमें अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद जिलाध्यक्ष चित्रा तिवारी, अलका पुरोहित, नीलिमा शर्मा, रश्मि दुबे, पंडित कैलाश नारायण परसाई, देवीप्रसाद दुबे, प्रांजल तिवारी, संजय तिवारी, जीवन दुबे एवं आध्यात्मिक संत पं. प्रकाशचंद मुद्गल ने उद्बोधन दिये। सभी ने समाज के युवाओं की उचित शिक्षा के लिये परिणामजनक कदम उठाने की बात कही। अन्य धर्मों तथा जातियों में विवाह ना करने तथा सजातीय विवाह ही करने की बात पर भी वक्ताओं ने जोर दिया। युवा विप्र कार्यकर्ता पं. भरत व्यास ने कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिसके बाद सह भोज आयोजन हुआ, जो अर्द्धरात्रि के लगभग संपन्न हुआ।

### अब श्रावण में मिलेंगे

कार्यक्रम दौरान विप्र समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी है कि अब सकल विप्र समाज द्वारा श्री शंभू दरबार पलाश परिसर में श्रावण मास में सोमवार को शिव अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शिव अभिषेक उपरांत समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा। वहीं शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सामाजिक बच्चों व युवाओं का सम्मान कार्यक्रम भी किया जाएगा। 'अब श्रावण मास में मिलेंगे' के वचन के साथ सभी विप्रजनों ने श्री परशुराम जयंती के इस भव्य तथा सफल आयोजन में विप्र एकता के लिये सतत कार्य करने का संकल्प लिया। युवाओं ने कहा कि शीघ्र ही वरिष्ठजनों के संरक्षण में सोहागपुर विप्र समाज की श्री परशुराम सेना का गठन किया जाएगा। यह संगठन समाजहित में काम करेगा।

### विप्र समाज के तीन दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ समापन



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों से तथा नगर पालिका के सभी बार्डर से हजारों ब्राह्मण समाज के सभी परिवार जनों ने भाग लिया गया। महिलाओं ने हिस्सा लिया। पचमढ़ी रोड स्थित चिंता हरण हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें घोड़े पर सवार होकर शुभारंभ किया गया। भगवान परशुराम की झांकी बनाई गई।एक वरिष्ठ ब्राह्मण को परशुराम बनाया गया। अन्य झांकियां भी निकाली गई।भजन मंडली भी चलती रही। अखाड़े भी शामिल हुए। पचमढ़ी रोड से लेकर सभी राजनीतिक दलों ने भव्य स्वागत सम्मानित किया गया। समाजसेवी संस्थाओं ने स्वागत सम्मानित किया जल पानी मीठा वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जय जय परशुराम के नारे लगाए गए।18/4/26को वाहन रैली निकाली गई। दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली गई। तीसरे दिन पूजन कराया जाएगा। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर पूजा अर्चना कर सभी को शुभकामनाएं बधाई दी गई। समाज के अध्यक्ष अर्जुन लाल पलिया सहित अन्य सभी लोगों ने स्वागत किया गया। गाजे बाजे डी जे की धुन पर डांस किया गया। गंगेले परिसर में भोजन कराएं गए ।

## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (हिंदी माध्यम) में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है । प्रवेश के इच्छुक जनजातीय छात्राओं के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन प्रक्रिया 18 अप्रैल से प्रारंभ होगी । निर्धारित तिथि के भीतर ही सभी आवेदनों को जमा करना अनिवार्य होगा । इसके साथ ही अभिभावकों का मोबाइल नंबर भी आधार से लिंक होना चाहिए। आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसे विद्यालय से सीधे भी प्राप्त किया जा सकता है ।

### कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा के आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की द्वितीय अवसर हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी और 25 मई को समाप्त होगी। मुख्य परीक्षा में जो विद्यार्थी किसी कारणवश उत्तीर्ण नही हो पाये हैं, वे द्वितीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले पात्र छात्र एमपी ऑनलाइन के कियोस्क पर 22 अप्रैल तक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर आवेदन कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले में सामूहिक विवाह संपन्न

# अबगांवखुर्द में 134, टिमरनी में 43 व मांदला में 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांवखुर्द में 134 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मंडी टिमरनी में 43 जोड़े तथा जनपद पंचायत खिरकिया द्वारा ग्राम मांदला में 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। टिमरनी के कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित भव्य कार्यक्रम में 43 नवदम्पतियों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।

इसके अलावा एक अन्य जोड़ा, जिसका पंजीयन नहीं सका था, वह अपनी स्वेच्छा से बगैर योजना के लाभ लिए इस सम्मेलन में सम्मिलित हुआ, जिसे नगर परिषद एवं समाज सेवियों द्वारा लगभग 10 हजार रुपये के उपहार तथा 20 हजार रुपये नकद राशि भेंट की गई। उपस्थित अतिथियों ने सभी वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में विशेष रूप से बारात भ्रमण नगर के प्रमुख मार्ग से घोड़े, बग्गी ओर डीजे के साथ धूमधाम से निकली, जहां जनप्रतिनिधियों एवं वर पक्ष द्वारा डांस किया गया, इसके साथ ही वर-वधु सेल्फी पॉइंट तथा विशेष भोजन व्यवस्था आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष राजा कौशल, पार्षद सुनील दुबे, बलराम डूडी, टिमरनी एसडीएम संजीव कुमार नागु, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकासखण्ड हरदा के ग्राम अबगांवखुर्द में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, जनपद अध्यक्ष रेवा धर्मेन्द्र पटेल, विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम मांदला में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विधायक डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व मंत्री कमल पटेल, जनपद अध्यक्ष खिरकिया, जिला पंचायत सदस्य कमलेश सेजकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया।

**सामूहिक विवाह आज भी होंगे**-जिले में 20 अप्रैल को सामूहिक विवाह व निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सामूहिक विवाह के लिए विशाल पंडाल व पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई है। इस आयोजन में क्षेत्र के कई जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार जनपद पंचायत हरदा द्वारा अबगांवखुर्द में 29 जोड़े, नगर पालिका परिषद टिमरनी द्वारा कृषि उपज मण्डी टिमरनी में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम तथा नगर पालिका परिषद खिरकिया द्वारा कृषि उपज मण्डी के पास खिरकिया में 20 जोड़ों का सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### पीड़ित मानवता की सेवा

# बड़झिरी के अग्नि पीड़ितों की मदद को आया लायंस क्लब



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य को साकार करते हुए लायंस क्लब हरदा सिटी ने वनग्राम बड़झिरी में अग्निकांड से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सराहनीय पहल की। क्लब की अध्यक्ष अंजू भयरे ने बताया कि हरदा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित इस सुदूर गांव में हाल ही में भीषण आग लगने से कई परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया, जिससे वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। प्रभावित परिवारों के लिए पहले ही वस्त्र, अनाज और बर्तनों की व्यवस्था की जा चुकी थी, लेकिन भीषण गर्मी के चलते उन्हें राहत देने के लिए बिजली पंखों की अत्यंत आवश्यकता महसूस हुई। इस आवश्यकता को समझते हुए लायंस क्लब हरदा सिटी के सदस्यों ने सहयोग जुटाकर पेडस्टल फैन उपलब्ध कराए।

गौरतलब है कि गांव में किसी प्रकार के मैकेनिक की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण क्लब के सदस्यों ने स्वयं ही पंखों की असेंबलिंग का कार्य पूरा किया। यह सेवा भावना और टीम वर्क का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। क्लब के सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस अग्निकांड से प्रभावित परिवारों का जीवन जल्द ही सामान्य हो और उनकी गृहस्थी पुनः व्यवस्थित हो सके।इस दौरान सुनील बागरे, अंजू भायरे, शुभम बंसल, शीनु बंसल, नवीन राठौर, अभय अग्रवाल, मनीष सोनी सहित अन्य शामिल हुए।

> गांव में हाल ही में भीषण आग लगने से कई परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया था।

# गणगौर महोत्सव, धनियर राजा व माता रनुबाई निकली पानी पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

करीबी ग्राम बूँदडा में गणगौर महोत्सव के आठवें दिवस धनियर राजा एवं रनुबाई की पारंपरिक पानी यात्रा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ पानी पर निकाली गई। यह यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होती हुई ग्राम के पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ धनियर राजा और रनुबाई का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में उपस्थित परिवारजनों एवं ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार पैर पखारने की रस्म निभाई। इस दौरान ग्राम के प्रमुख चौराहों पर माता रानी के सुंदर झालरे दिए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। रात्रि में माता रानी के पंडाल में भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न भजन मंडलियों ने पूरी रात अपनी प्रस्तुति दी। मंडलियों द्वारा गाए गए माता रानी के विदाई गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य, ग्रामवासी एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिलाओं द्वारा माता रानी एवं धनियर राजा की गोद भराई की रस्म भी निभाई गई। आयोजक ओमप्रकाश सिनगाने, रामनिवास सिनगाने, निशान्त सिनगाने एवं रामकृष्ण करोड़े, आनंद करोड़े, सृजल करोड़े परिवार द्वारा एव ग्राम में पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ गणगौर महोत्सव मनाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

### रहटगांव में निकली माता, जयकारे से गांव की गलियां गूंजी



**रहटगांव।** मां गणगौर पानी पर निकली कैमैया मोहल्ला होते हुए। स्वामी जी के कुऐ पर संगीत के साथ लग्न लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार एवं ग्रामीण मौजूद रहे। मां गणगौर के जयकारे से गांव की गलियां गूंजी। वहीं गणेश चौक शक्ति पुरानी सेंट्रल बैंक की गली से गांधी चौक, इमली वाली गली से माता जी के स्थान पर पहुंची।

### प्रथम बार संगठन प्रमुख का दौरा जिले में हुआ, हरदा में व्यापारी हितों पर मंथन किया

# कैट की संभागीय बैठक में समस्याओं व प्रगति पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




कैट यानि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक हरदा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं उनकी जिम्मेदारियों तथा व्यापार में प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतीया का मार्गदर्शन मिला। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील जैन, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, प्रदेश मंत्री अजय खंडेलवाल, संभाग प्रभारी मंजीत सिंह साहनी, बैतूल जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव, हरदा जिला अध्यक्ष सरगम जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कैट टीम हरदा ने सभी बाहर से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत हार माला और अंग वस्त्र पहनाकर किया। विगत दिनों दिल्ली में कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के द्विवार्षिक चुनाव सपन्न हुए हैं। जिसमे सर्वसम्मति से पुनः बी सी भरतिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवीन मनोनयन के बाद प्रथम बार संगठन प्रमुख का दौरा इस जिले में हुआ जो हरदा जिले के लिए गर्व का क्षण रहा। इस अवसर पर भरतिया का सभी उपस्थित लोगों ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विशेष रूप से महिला उद्यमियों के प्रतिनिधि के रूप में कुछ महिलाओं को बैठक में आमंत्रित कर उनके साथ सार्थक संवाद किया और जल्द से जल्द कैट की महिला विंग का गठन करने के लिए जिला अध्यक्ष को निर्देशित किया।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भारतीया ने व्यापारी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को स्पष्ट,प्रभावी और दमदार तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने व्यापारियों को संगठित होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपका हरदा किस तरह से छोटा है। मैंने गूगल पर जाकर देखा था कि हरदा अपने आप में कितना महत्व रखता है। जनसंख्या कम होने से,भौगोलिक क्षेत्र कम होने से कोई अंतर नहीं पड़ता। उस जगह के लोग कैसे है। उनका व्यवहार कैसा है,उस स्थान के लोगो का जीवन शांति पूर्ण है या नही। स्थानीय लोग अगर बिना किसी आपधापी के जीवन जी रहे है। तो इससे पता चलता है कि शहर छोटा है या बड़ा। कोई भी कभी भी अपने आप या अपने शहर को छोटा नहीं समझे। वहीं जिलाध्यक्ष सरगम जैन ने हरदा जिले की समस्याओं और आवश्यकताओं को पूरे संभाग के सामने मजबूती से रखा । संचालन डॉ. शिरीष अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया। आभार दीपक नेमा ने व्यक्त किया। यह बैठक व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई,जहां संवाद, समन्वय और समाधान की दिशा में सार्थक पहल की गई। जिला कार्यकारिणी के सदस्य मुरारी बंसल, संजय जैन, अजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, शुभम बंसल, सुनील अग्रवाल, मनोज धमनानी, दीपक गुर्जर, सुरेश रमानी, संजय सोनी, सुधीर गोयल, विकास जैन, सुनील छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में जनता दरबार लगाया

# पूर्व मंत्री ने समस्याओं का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हरदा में जनता दरबार लगाया। उन्होंने समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल निराकरण किया। श्री पटेल ने कहा कि जब अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना यही भाजपा के एक अच्छे कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है। जब अंतिम में पंक्ति में बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान हम कर पाते हैं तब मन में जो संतुष्टि मिलती है वह कहीं और नहीं मिल पाती है। यही भारतीय जनता पार्टी का मुख्य कार्य होता है कि आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करना यही हमारी सच्ची सेवा है। लगातार पूर्व मंत्री कमल पटेल पिछले दिनों से भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जनता दरबार लगा रहे हैं और कम आगे भी सुचारू चलता रहेगा।

### छात्र-छात्राओं को नहीं मिल रहा लाभ

# करोड़ों के 326 शौचालय जीर्ण शीर्ण, पानी की व्यवस्था भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सर्व शिक्षा अभियान में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में करोड़ों रुपयों की लागत से निर्मित शौचालयों का बालक, बालिकाओं को अपेक्षित लाभ नहीं पा रहा है। फलस्वरूप "स्वच्छ भारत अभियान" की सफलता पर प्रश्न-चिन्ह लग रहा है। कई स्कूलों में शौचालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं और वहां पानी की भी व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। पहाड़ी अंचल की शा.प्राथमिक स्कूल अंतरसिंह फाल्या(बिलखेड़) में 32 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं,इनमें 26 छात्राएं और 16 छात्र हैं। समीप ही रहने वाले परिवार की महिलाओं में सागरबाई,मेहंदीबाई,भंगडीबाई ने बताया की शौचालय टूट-फूट गया है और छात्र-छात्राओं को खुले में ही जाना पड़ता है। शिक्षक सीताराम सोलकी ने उक्त बात कही है। जबकि शा.एकीकृत माध्यमिक स्कूल बिलखेड़ के शिक्षक गोरेलाल वास्कले ने बताया कि यहां एक ही शौचालय है,जिसका छात्र-छात्राएं उपयोग कर रहें हैं।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार और राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की अपर संचालक की कड़ी फटकार के बाद अधर में अटके करोड़ों रुपयों के शौचालयों का कार्य पूर्ण किया जा सका था। बताया जाता है कि सरकार के स्वच्छ भारत मिशन द्वारा पहाड़ी अंचलों में एनटीपीसी ने वर्ष 2013-14 में रु.2.90 करोड़ की लागत से इजीएस, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 222 शौचालयों का निर्माण किया था। साथ ही इस कंपनी द्वारा ग्राम पंचायतों को आवंटित रु.79.57 लाख की लागत से शौचालयों का निर्माण किया गया था यह मामला तत्कालीन कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने 22 जुलाई,23 की टीएल बैठक में आया था और उनके अल्टीमेटम के बाद पूर्ण हो सके थे।

### अपर संचालक ने लगाई थी फटकार

इसी प्रकार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की अपर संचालक द्वारा वर्ष वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17 बालक एवं बालिका शौचालय ( रू. 49.26 लाख) और 13 बालक एवं 57 बालिका शौचालय क्रमशः रू. 36.14 लाख एवं रू.1.67 करोड स्वीकृत लिए गए थे। इसी तरह 7 बालक शौचालय ( कुल रु. 19.46 लाख) और 10 बालिका शौचालय (कुल रु. 29.80 लाख) की भी स्वीकृती दी गई थी। लेकिन स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र की निषक्रियता से अधर में थे। जिन्हें अपर संचालक भोपाल द्वारा 28 दिसंबर 23 को सख्त निर्देश से उनका कार्य पूर्ण हो सका था।

# थाना गोपालपुर पुलिस की कार्रवाई: 7 भैंसें बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




तहसील क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच थाना गोपालपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पशु चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की गई 7 भैंसों को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अभी फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, फरियादी लतीफ खां निवासी निमोटा ने थाना गोपालपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके खेत से अज्ञात चोर 7 भैंसें चोरी कर ले गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 75/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना गोपालपुर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी आजाद पिता लियाकत अली निवासी महागांव कदीम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अरबाज पिता शरीफ निवासी महागांव हाल खातेगांव के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई 7 भैंसें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपी अरबाज अली की पुलिस तलाश कर रही है।

### खिरकिया के लिए ऐतिहासिक पल

# परशुराम चौक पर फरसे की स्थापना की

> -खिरकिया में गूंजे परशुराम के जयकारे भव्य शोभायात्रा के लिए सजाया नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया




भगवान परशुराम जन्मोत्सव 2026 के अवसर पर खिरकिया नगर श्रद्धा, आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत राधा कृष्ण मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सत्यानारायण मंदिर तक पहुंची। यात्रा के दौरान जय श्री परशुराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाएं पीली एवं लाल साड़ियों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं, जिससे पूरे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर परशुराम चौक में विधिवत पूजन-अर्चन कर फरसा स्थापित किया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि मुख्य मार्ग स्थित पटेल कॉम्प्लेक्स के सामने इस स्थल को अब ह्लभगवान परशुराम चौकह्व के नाम से जाना जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एडवोकेट मनीष मोनू तिवारी ने इसे गौरव का क्षण बताया। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। परशुराम चौक पर परशुराम सेना द्वारा आकर्षक स्वागत किया गया। खनूजा ऑटो पार्ट्स सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। नगर परिषद पति महेंद्र सिंह खनूजा, नगर विकास समिति के अध्यक्ष अनिल दरबार सहित नागरिक मौजूद रहे। श्रीराम चौक एवं बंदना चौराहे पर भी भाजपा मंडल और यादव परिवार द्वारा स्वागत-अभिनंदन किया गया।